# REVISION TEST SERIES

## H3-SET A

### Class 10 - हिंदी ब

**निर्धारित समय: 1 hour and 30 minutes** **अधिकतम अंक: 40**

**खंड अ वस्तुपरक प्रश्न (अपठित गद्यांश)**

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **[10]**

युगों-युग़ों से मानव इस धरती पर आसरा लिए हुए हैं। प्रत्येक युग प्रतिक्षण परिवर्तित हुआ है, इसलिए कहा गया है कि समय परिवर्तनशील है, जो आज हमारे साथ नहीं है, कल हमारे साथ होंगे और हम अपने दु:ख और असफलता से मुक्ति पा लेंगे, यह विचार ही हमें सहजता प्रदान कर सकता है। हम दूसरे की संपन्नता, ऊँचा पद और भौतिक साधनों की उपलब्धता देखकर विचलित हो जाते हैं कि यह उसके पास तो है, किंतु हमारे पास नहीं है, वह हमारे विचारों की गरीबी का प्रमाण है और यही बात अंदर विकट असहज भाव का संचालन करती है। जीवन में सहजता का भाव न होने के कारण अधिकतर लोग हमेशा ही असफल होते हैं। सहज भाव लाने के लिए हमें नियमित रूप से योगासन-प्राणायाम और ध्यान करने के साथ-साथ ईश्वर का स्मरण अवश्य करना चाहिए। इसमें हमारे तन-मन और विचारों के विकार बाहर निकलते हैं और तभी हम सहजता के भाव का अनुभव कर सकते हैं। याद रखने की बात है कि हमारे विकार ही हमारे अंदर असहजता का भाव उत्पन्न करते हैं। ईष्‍र्या-द्वेष और परनिंदा जैसे गुण हम अनजाने में ही अपना लेते हैं और अंततः जीवन में हर पल असहज होते हैं। उससे बचने के लिए आवश्यक है कि हम अध्यात्म के प्रति अपने मन और विचारों का रुझान रखें।

i. गद्यांश के आधार पर मनुष्य की वैचारिक गरीबी को प्रकट करने वाले विचार हैं

1. दूसरों की संपन्नता से विचलित होना
2. दूसरों के ऊँचे पद से विचलित होना
3. (i) और (ii) दोनों
4. योगासन से विचलित होना

क) विकल्प (ii)
ख) विकल्प (iv)
ग) विकल्प (i)
घ) विकल्प (iii)

ii. जीवन में सहजता का भाव न होने से अधिकतर लोगों पर क्या प्रभाव पड़ता है?

क) जीवन में सफल होते हैं
ख) असफलता में मुक्ति पाते हैं
ग) जीवन में असफल होते हैं
घ) इनमें से कोई नहीं

iii. गद्यांश के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि सहज भावों को धारण करने के लिए हमें क्या करना चाहिए?

क) योगासन-प्राणायाम
ख) सभी विकल्प सही हैं
ग) ईश्वर का स्मरण
घ) ध्यान करना

iv. मनुष्य में असहजता का विकास कैसे होता है?

क) अध्यात्म से
ख) इनमें से कोई नहीं
ग) विचारों से

घ) अंदर बैठे विकारों से

v. **कथन (A):** हर पल व्यक्ति असहज होता है और सफलता को प्राप्त नहीं करता।

**कारण (R):** अध्यात्म के प्रति रुझान ही व्यक्ति को असहजता से निकाल सकता है।

क) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

ख) (A) और (R) दोनों सत्य हैं परन्तु (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

ग) (A) असत्य है परन्तु (R) सत्य है।

घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही असत्य हैं।

**खंड अ वस्तुपरक प्रश्न (व्यावहारिक व्याकरण)**

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार के उत्तर दीजिये: **[4]**

(i) 'मैं **<u>कल चार बजे</u>** पहुँच जाऊँगा।' में कौन सा पदबंध है।

क) क्रिया पदबंध | ख) संज्ञा पदबंध

ग) विशेषण पदबंध | घ) क्रिया विशेषण पदबंध

(ii) ठीक चार बजकर दस मिनट पर सुभाष बाबू जुलूस **<u>लेकर आए</u>** रेखांकित में पद है-

क) संज्ञा पद | ख) क्रिया विशेषण पद

ग) क्रिया पद | घ) विशेषण पद

(iii) **<u>समय का सदुपयोग करने वाले</u>** लोग कभी असफल नहीं होते। रेखांकित वाक्य में कैसा पदबंध है?

क) विशेषण पदबंध | ख) क्रिया पदबंध

ग) सर्वनाम पदबंध | घ) संज्ञा पदबंध

(iv) **<u>इतनी लगन से काम करने वाला मैं</u>** असफल नहीं हो सकता। रेखांकित का पदबंध है:

क) सर्वनाम पदबंध | ख) अव्यय पदबंध

ग) संज्ञा पदबंध | घ) क्रिया पदबंध

(v) किस वाक्य में रेखांकित पदबंध क्रिया पदबंध नहीं है?

क) बच्चा **<u>दौड़कर</u>** आया है। | ख) बच्चे **<u>खेल रहे हैं</u>**।

ग) उसने आज ही पत्र **<u>लिखा है</u>**। | घ) मुझे **<u>सुनाई पड़ रहा है</u>**।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार के उत्तर दीजिये: **[4]**

(i) **मेरे सिवाय सब आगे बढ़ गए।** संयुक्त वाक्य में बदलिए-

क) सभी | ख) सब आगे बढ़ गए परंतु मैं नहीं

ग) मैं सबके आगे बढ़ने प्रतीक्षा करता रहा। | घ) सब आगे बढ़ते रहे और मैं भी आगे बढ़ता रहा।

(ii) सच बोलने वाले व्यक्ति को कोई डरा नहीं सकता। (मिश्रित वाक्य)

क) जो व्यक्ति सच बोलता है उसे कोई डरा नहीं सकता। | ख) वे सच बोलने वाले व्यक्ति हैं और उन्हें कोई नहीं डरा नहीं सकते।

ग) सच बोलने वाले व्यक्ति को कोई डरा नहीं सकता। | घ) उन्हें कोई डरा नहीं सकता, इसलिए वे सच बोलते हैं।

(iii) **कई सालों से बड़े-बड़े बिल्डर समंदर को पीछे धकेलकर उसकी ज़मीन को हथिया रहे थे** का मिश्र वाक्य बनेगा-

i. कई सालों से जैसे-जैसे बड़े-बड़े बिल्डर समंदर को पीछे धकेल रहे थे वैसे-वैसे उसकी ज़मीन को हथिया रहे थे।

ii. बड़े-बड़े बिल्डर कई सालों से समंदर को पीछे धकेल रहे थे और उसकी ज़मीन को हथिया रहे थे।

iii. कई सालों से, समुद्र को पीछे धकेलकर बड़े-बड़े बिल्डर उसकी ज़मीन को हथिया रहे थे।

iv. समंदर को पीछे धकेलकर, कई सालों से, बड़े-बड़े बिल्डर, उसकी ज़मीन को हथिया रहे थे।

क) विकल्प (iii)

ख) विकल्प (ii)

ग) विकल्प (iv)

घ) विकल्प (i)

(iv) मैं अकेला था और चार गुंडों ने मुझे पीटा। (मिश्र वाक्य)

क) मैं अकेला था और चार गुंडों ने मुझे पीटा और लूट लिया।

ख) जब मैं अकेला था तब मुझे चार गुंडों ने पीटा।

ग) मैं अकेला था जिस कारण चार गुंडों ने मुझे पीटा।

घ) क्यूंकि मैं अकेला था इसलिए चार गुंडों ने मुझे पीटा और लूट लिया।

(v) जैसे ही घंटी बजी, वैसे ही सभी छात्र बाहर आ गए। (संयुक्त वाक्य)

क) घंटी बजी और सभी छात्र बाहर आ गए।

ख) घंटी बजी सभी छात्र बाहर आ गए।

ग) क्योंकि घंटी बजी थी इसलिए सभी छात्र बाहर आ गए।

घ) इनमें से कोई नहीं

**खंड अ वस्तुपरक प्रश्न (काव्य खंड)**

4. **निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **[3]**

पावस ऋतु थी, पर्वत प्रदेश,
पल-पल परिवर्तित प्रकृति-वेश।
मेखलाकर पर्वत अपार
अपने सहस्त्र दृग-सुमन फाड़,
अवलोक रहा है बार-बार
नीचे जल में निज महाकार,

-जिसके चरणों में पला ताल
दर्पण सा फैला है विशाल!

I. पर्वत प्रदेश में किस ऋतु का वर्णन किया गया है?

i. ग्रीष्म ऋतु
ii. शरद ऋतु
iii. वसंत ऋतु
iv. वर्षा ऋतु

II. विशाल दर्पण कहकर किसे संबोधित किया गया है?

i. एक बड़े दर्पण को
ii. तालाब को
iii. आसमान को
iv. बादलों को

III. 'अपने सहस्त्र दृग-सुमन फाड़,' का क्या तात्पर्य?

i. फूल रूपी आँखें
ii. आँखों से फूल को देखना
iii. आकाश की ओर देखना
iv. फूल रूपी आँखों से देखना

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए **[2]**

(i) यह तोप हमें कहाँ से मिली है?

क) बुज़ुर्गों से | ख) विरासत में

ग) युद्ध में | घ) अंग्रेजों से

(ii) तोप ने किसकी धज्जियां उड़ा दी थी ?

क) अंग्रेजों की | ख) मुगलों के

ग) सूरमाओं की | घ) कायरों की

**खंड अ वस्तुपरक प्रश्न (गद्य खंड)**

6. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनिए-** **[5]**

बाइबिल के सोलोमेन जिन्हें कुरआन में सुलेमान कहा गया है, ईसा से 1025 वर्ष पूर्व एक बादशाह थे। कहा गया है, वह केवल मानव जाति के ही राजा नहीं थे, सारे छोटे-बड़े पशु-पक्षी के भी हाकिम थे। वह इन सबकी भाषा भी जानते थे। एक दफा सुलेमान अपने लश्कर के साथ एक रास्ते से गुज़र रहे थे। रास्ते में कुछ चींटियों ने घोड़ों की टापों की आवाज़ सुनी तो डर कर एक-दूसरे से कहा, 'आप जल्दी से अपने-अपने बिलों में चलो, फ़ौज आ रही है।' सुलेमान उनकी बातें सुनकर थोड़ी दूर पर रूक गया और चींटियों से बोला, 'घबराओ नहीं, सुलेमान को खुदा ने सबका रखवाला बनाया है। मैं किसी के लिए मुसीबत नहीं हूँ, सबके लिए मुहब्बत हूँ।' चींटियों ने उनके लिए ईश्वर से दुआ की और सुलेमान अपनी मंज़िल की ओर बढ़ गए।

I. सुलेमान कौन थे?

i. ईसा से 1025 वर्ष पूर्व एक बादशाह थे
ii. ईसा से 1125 वर्ष पूर्व एक संन्यासी थे
iii. ईसा से 1225 वर्ष पूर्व एक धर्मात्मा थे
iv. ईसा से 1420 वर्ष पूर्व एक पादरी थे

II. सुलेमान की क्या विशेषता थी?

i. मानव जाति के राजा थे
ii. पशु-पक्षियों के हाकिम थे
iii. पशु-पक्षियों की भाषा जानते थे
iv. उपर्युक्त सभी

III. सुलेमान के लाव-लश्कर को देखकर चींटियों ने क्या कहा?

i. आप जल्दी से भाग चलो, जुलूस आ रहा है
ii. आप जल्दी से भागो, सेना आ रही है
iii. आप जल्दी से भागो, पुलिस आ रही है
iv. आप जल्दी से भाग चलो, फ़ौज आ रही है

IV. चींटियों की बात सुनकर सुलेमान ने उनसे क्या कहा?

i. घबराओ नहीं, में सबका रखवाला हूँ
ii. मैं किसी के लिए मुसीबत नहीं हूँ
iii. सबके लिए मुहब्बत हूँ
iv. उपर्युक्त सभी

V. चींटियों ने सुलेमान के लिए क्या किया?

i. ईश्वर से धन माँगा
ii. ईश्वर से माफी माँगी
iii. ईश्वर से दुआ की
iv. इनमें से कोई नहीं

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए **[2]**

(i) **अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले** पाठ में लेखक के अनुसार इस धरती पर किसकी अधिक हिस्सेदारी है?

क) मानव मात्र की | ख) पशु जगत की

ग) पक्षी की | घ) धरती पर रहने वाले सभी प्राणियों की

(ii) **अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले** पाठानुसार सुलेमान सबके लिए क्या थे?

क) कुछ नहीं | ख) रखवाले

ग) मुसीबत | घ) मोहब्बत

**खंड - ब वर्णनात्मक प्रश्न**

8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए **[4]**

(i) पर्वतीय प्रदेश में स्थित तालाब के सौंदर्य का **पर्वत प्रदेश में पावस** कविता के आधार पर चित्रण कीजिए।

(ii) अंग्रेजी शासन काल और स्वतंत्रता के बाद कंपनी बाग की स्थिति में क्या बदलाव आया है? तोप कविता के आधार पर बताइए।

(iii) तोप कविता में **बहरहाल** शब्द का प्रयोग कवि ने क्या बताने के लिए किया है?

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए **[2]**

(i) कैसे कह सकते हैं कि 'अब कहाँ _______' पाठ के लेखक की माँ के मन में पशु-पक्षियों के प्रति प्रेम भरा है?

(ii) **अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले** पाठ के अनुसार, क्या मनुष्य में प्रेम और अपनत्व जैसी भावना समाप्त हो चुकी है? यदि हाँ तो क्यों?

10. **मैं और मेरी लेखनी** विषय पर लगभग 100-120 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए। **[4]**